**कार्यालयः सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,रामनगर, नैनीताल।**

पत्रांक: उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0–2025 / विज्ञप्ति / 557-59 / 2025–26 दिनांक 29/09/2025

**:: उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय–2025 ::**

परिषद् द्वारा दिनांक 27 सितम्बर 2025 को आयोजित उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) 2025 के प्रश्नपत्रों के चारों सेट की अनन्तिम उत्तर कुंजियाँ (Provisional Answer Key) जनहित में परिषद् की वेबसाइट पर प्रसारित कर दी गई है। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** अथवा **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** लिंक से उत्तर कुंजियाँ (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

**यदि किसी अभ्यर्थी / आवेदक को किसी प्रश्न / प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध है)** पर अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति, परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारुप / प्रपत्र पर **दिनांक 09 अक्टूबर 2025 सायं 05:00 बजे तक ई–मेल secyutet@gmail.com द्वारा पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद् कार्यालय को** प्राप्त करा सकते हैं। **निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात अथवा मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से कोई प्रत्यावेदन / आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।** एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न / उत्तर पर प्रत्यावेदन / आपत्ति अंकित करें, **यदि एक से अधिक प्रश्नों / उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिए अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन / आपत्ति तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।** अभ्यर्थी अपने प्रत्यावेदन / आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। **प्रमाण रहित प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

29/9/2025
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

Scanned with OKEN Scanner